Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of Railway Over Bridge at level-crossing No. B/159 on Bhidi-Samdari Railway Station in Gujarat

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के अंतर्गत LC No. B/159 भीलडी - समदडी सेक्शन रेलवे लाइन पर स्थित है। गुजरात राज्य का हाइवे नंबर- 54 जो कि फोर लेन है और डीसा तथा थराद के बीच स्थित है, इसी LCB/159 से क्रॉस करता है। ज्ञात हो कि यह राज्य की सड़क मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के पांच से छह तालुका से गुजरती है। यहाँ पर आबादी घनी होने के कारण और ट्रैफिक भी अधिक होने के कारण हम रेलवे से ROB के निर्माण की मांग लम्बे समय से करते आए हैं। गुजरात सरकार ने ROB के निर्माण के लिए 50% राशि की स्वीकृति भी दे दी है, परन्तु रेलवे की तरफ से अब तक इस ROB के निर्माण के लिए कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ... (व्यवधान)

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से यह आग्रह है कि रेलवे इस ROB के निर्माण को आगामी बजट में शामिल करें तथा साथ ही इसको रेलवे की पिंक बुक में भी शामिल किया जाये । ... (व्यवधान)